रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)—72

REGISTERED No. D. (D.N.)—72



भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 397] नई दिल्ली, बुधवार, दिसम्बर 9, 1981/अग्रहायण 18, 1903
No. 397] NEW DELHI, WEDNESDAY, DECEMBER 9, 1981/AGRAHAYANA 18, 1903

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

IndiaCode

विदेश मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर, 1981

सा. का. नि. 646(अ).—राज्य क्षेत्रीय सागर-खंड महाद्वीपीय मग्नतट भूमि, अनन्य आर्थिक क्षेत्र और अन्य सामुद्रिक क्षेत्र अधिनियम, 1976 (1976 का 80) की धारा 9 की उप-धारा (2) के अनुसरण में भारत और ऐसे अन्य राज्यों के बीच जिनके तट भारत के तट के सामने हैं या उससे लगे हुए हैं किए गए निम्नलिखित सामुद्रिक सीमा करार, जिनके पाठ उपाबन्ध में दिए हुए हैं, प्रकाशित किए जा रहे हैं, अर्थात् :—

1. भारत और श्रीलंका के बीच दोनों देशों के मध्य की ऐतिहासिक सागर खण्ड सीमा और उससे संबंधित विषयों की बाबत करार, जो 8 जुलाई, 1974 से प्रवृत्त हुआ ।

2. भारत और श्रीलंका के बीच मन्नार की खाड़ी और बंगाल की खाड़ी में दोनों देशों के मध्य की सामुद्रिक सीमा और उससे सम्बन्धित विषयों की बाबत करार; जो 10 मई, 1978 को प्रवृत्त हुआ ।

3. भारत, श्रीलंका और मालदीव (बिंदु टी) के बीच 13 एम स्थिति से मन्नार की खाड़ी में त्रिकोण बिन्दु तक, दोनों देशों के मध्य की सामुद्रिक सीमा के विस्तार की बाबत, भारत और श्रीलंका के बीच अनुपूरक करार, जो 5 फरवरी, 1977 से प्रवृत्त हुआ ।

4. भारत, श्रीलंका और मालदीव के बीच मन्नार की खाड़ी में तीनों देशों के मध्य के त्रिकोण बिन्दु का अवधारण करने की बाबत करार, जो 31 जुलाई, 1978 से प्रवृत्त हुआ ।

5. भारत और मालदीव के बीच अरब सागर में सामुद्रिक सीमा और संबंधित विषयों की बाबत करार, जो 8 जून, 1978 से प्रवृत्त हुआ ।

6. भारत गणराज्य की सरकार और इंडोनेशिया गणराज्य की सरकार के बीच दोनों देशों के मध्य महाद्वीपीय मग्न तट भूमि की सीमा के परिसीमन से सम्बन्धित करार, जो 17 दिसम्बर, 1974 से प्रवृत्त हुआ ।

7. भारत गणराज्य की सरकार और इंडोनेशिया गणराज्य की सरकार के बीच अंदमान सागर और हिन्द महासागर में दोनों देशों के मध्य की 1974 महाद्वीपीय मग्नतट भूमि की सीमा के विस्तारण की बाबत करार, जो 5 अगस्त, 1977 से प्रवृत्त हुआ ।

8. भारत सरकार, इंडोनेशिया गणराज्य की सरकार और किंगडम आफ थाईलैण्ड की सरकार के बीच अन्दमान सागर में तीनों देशों के त्रिसंधि बिन्दु के अवधारण और सीमाओं के परिसीमन से सम्बन्धित करार, जो 2 मार्च, 1979 से प्रवृत्त हुआ ।

9. भारत गणराज्य की सरकार और किंगडम आफ थाईलैण्ड की सरकार के बीच अन्दमान सागर में दोनों देशों के मध्य की सीबेड सीमा के परिसीमन की संधि करार, जो 15 दिसम्बर, 1978 से प्रवृत्त हुआ ।

[फाइल सं. एल.-111/36/81]

एस. पी. जगोता, अपर सचिव,
(एल. एण्ड टी.)

MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS

NOTIFICATION

New Delhi, the 9th September, 1981

G.S.R. 646(E).—In pursuance of sub-section (2) of section 6 of the Territorial Waters, Continental Shelf, Exclusive Economic Zone and other Maritime Zones Act, 1976 (No. 80 of 1976), the following Maritime Boundary Agreements between India and other States, whose coasts are opposite or adjacent to that of India, the text of which is given in the Annexure hereto are hereby published, namely :—

1. AGREEMENT BETWEEN INDIA AND SRI LANKA ON THE BOUNDARY IN HISTORIC WATERS BETWEEN THE TWO COUNTRIES AND RELATED MATTERS, which came into force on 8 July, 1974.

2. AGREEMENT BETWEEN INDIA AND SRI LANKA ON THE MARITIME BOUNDARY BETWEEN THE TWO COUNTRIES IN THE GULF OF MANAAR AND THE BAY OF BENGAL AND RELATED MATTERS, which came into force on 10 May, 1976.

3. SUPPLEMENTARY AGREEMENT BETWEEN INDIA AND SRI LANKA ON THE EXTENSION OF THE MARITIME BOUNDARY BETWEEN THE TWO COUNTRIES IN THE GULF OF MANAAR FROM POSITION 13m TO THE TRIJUNCTION POINT BETWEEN INDIA, SRI LANKA AND MALDIVES (POINT T), which came into force on 5 February, 1977

4. AGREEMENT BETWEEN INDIA, SRI LANKA AND MALDIVES CONCERNING THE DETERMINATION OF THE TRIJUNCTION POINT BETWEEN THE THREE COUNTRIES IN THE GULF OF MANAAR, which came into force on 31 July, 1976.

5. AGREEMENT BETWEEN INDIA AND MALDIVES ON MARITIME BOUNDARY IN THE ARABIAN SEA AND RELATED MATTERS, which came into force on 8 June, 1978.

6. AGREEMENT BETWEEN THE GOVERNMENT OF THE REPUBLIC OF INDIA AND THE GOVERNMENT OF THE REPUBLIC OF INDONESIA RELATING TO THE DELIMITATION OF THE CONTINENTAL SHELF BOUNDARY BETWEEN THE TWO COUNTRIES, which came into force on 17 December, 1974.

7. AGREEMENT BETWEEN THE GOVERNMENT OF THE REPUBLIC OF INDIA AND THE GOVERNMENT OF THE REPUBLIC OF INDONESIA ON THE EXTENSION OF THE 1974 CONTINENTAL SHELF BOUNDARY BETWEEN THE TWO COUNTRIES IN THE ANDAMAN SEA AND THE INDIAN OCEAN, which came into force on 15 August, 1977.

8. AGREEMENT BETWEEN THE GOVERNMENT OF THE REPUBLIC OF INDIA, THE GOVERNMENT OF THE REPUBLIC OF INDONESIA AND THE GOVERNMENT OF THE KINGDOM OF THAILAND CONCERNING THE DETERMINATION OF THE TRIJUNCTION POINT AND THE DELIMITATION OF THE RELATED BOUNDARIES OF THE THREE COUNTRIES IN THE ANDAMAN SEA, which came into force on 2 March, 1979.

9. AGREEMENT BETWEEN THE GOVERNMENT OF THE REPUBLIC OF INDIA AND THE GOVERNMENT OF THE KINGDOM OF THAILAND ON THE DELIMITATION OF SEABED BOUNDARY BETWEEN THE TWO COUNTRIES IN THE ANDAMAN SEA, which came into force on 15 December, 1978.

[File No. L-111/36/81]

S. P. JAGOTA, Additional Secretary (L&T)